**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**भानिवार 29.03.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।**
- **सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— प्रदेश के शहरों में ''देवभूमि सिल्वर जुबली'' पार्क का निर्माण किया जाएगा।**
- **केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय एकता और सनातन संस्कृति के विकास के लिए समन्वय से काम करने पर जोर दिया।**
- **और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।**

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जागरुकता पर आधारित निरंतर सक्रियता और सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण विरासत में देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है और उसका मानना है कि विकासशील देशों के लिए त्वरित पर्यावरणीय आर्थिक विकास ही जलवायु परिवर्तन से सर्वश्रेष्ठ बचाव है। उन्होंने कहा कि भारत, विश्व में ऊर्जा का उत्पादन करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत ने वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावॉट नवीनकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**सरकार के तीन वर्श**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश के शहरों में देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण किया जाएगा। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं ऋषिकेश—कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य जल्द पूरा कर पहाड़ों में रेल के सपने को साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदियों पर फोर लेन एलिवेटेड रोड बनाने की योजना भी तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले तीन वर्ष में नकल विरोधी कानून जैसे कई ऐतिहासिक फैसले भी प्रदेश की जनता के हित में लिए हैं। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर सर्वे स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बहुउद्देशीय शिविर के अंतर्गत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सभी पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है।

## अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय एकता और सनातन संस्कृति के विकास के लिए समन्वय से काम करने पर जोर दिया है। श्री शेखावत ने हरिद्वार जिले के देव संस्कृति विश्वविद्यालय में सनातन संस्कृति पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन के अवसर पर ये बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब दुनिया के लोग अपने जीवन और अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब भारत के ऋषियों, संतों और महात्माओं ने मानव कल्याण व विश्व कल्याण के लिए तपस्या की और विभिन्न वेदों, शास्त्रों तथा ग्रंथों की रचना की, जो सनातन संस्कृति के वाहक बने।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व विभिन्न देशों में संघर्ष, पर्यावरण, मानसिक स्वास्थ्य आदि जैसी विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, तो इसका एकमात्र समाधान भारतीय संस्कृति और सनातन संस्कृति में निहित है।

## चैत्र नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि कल से शुरू हो रही है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि में भक्त मां के नौ रूपों की विशेष पूजा–अर्चना कर व्रत रखते हैं। नवरात्रि की पूर्व संध्या पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्रि का यह पर्व समाज में महिलाओं के महत्व और शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने सभी से महिलाओं का सम्मान करने की अपील भी की है।

और अब आपको बता दें कि आकाशवाणी का यूट्यूब चैनल– आराधना नवरात्र के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित करेगा। श्रोताओं को कल से 6 अप्रैल तक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए आकाशवाणी तैयार है। चैनल नवरात्र के मर्म के बारे में विशेष भक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला दर्शकों तक पहुँचाएगा।

## नया शैक्षणिक सत्र

नैनीताल जिले में नए शिक्षा सत्र से निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के अभिभावक अब स्कूल प्रबंधन के खिलाफ– फीस वृद्धि, अध्ययन सामग्री, यूनिफॉर्म की खरीद–फरोख्त से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत ई–मेल के जरिए दर्ज करा सकेंगे। माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने इस संबंध में पत्र जारी कर अभिभावकों से विभाग की ओर से जारी ई–मेल आईडी ceonainital11@gmail.com और rmsanaini@gmail.com पर दर्ज करने का आह्वान किया है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**चौड़ीकरण**

प्रदेश में 30 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में उत्तरकाशी जिले के गंगनानी और डबरानी के बीच दो वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए सीमा सड़क संगठन– बीआरओ मशीनों की मदद से चट्टानों को काटकर सड़क को चौड़ा कर रहा है। बीआरओ कमांडर विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि इसके बाद झाला और हर्षिल के बीच भी यह काम किया जाएगा। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि चारधाम सड़क परियोजना ऑल वेदर रोड के तहत उत्तरकाशी से भैरोंघाटी तक पांच चरणों में चौड़ीकरण का काम प्रस्तावित है, लेकिन फॉरेस्ट क्लीयरेंस न मिलने के कारण यह काम अभी शुरू नहीं हो पाया है।

**नशा मुक्त**

प्रदेश में युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए डायट और शिक्षा विभाग ने पाठ्यक्रम तैयार किया है। शिक्षा विभाग ने पौड़ी गढ़वाल जिले के डायट चढ़ीगांव द्वारा तैयार पाठ्यक्रम का प्रारूप जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी ली और इसमें सुधार करने के निर्देश दिए, ताकि इसे जल्द पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके माध्यम से छात्र नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक होंगे और समाज में बदलाव ला सकेंगे।